केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक
# भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 150 सोमवार 23 दिसम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### मारपीट में घायल भतीजे की मौत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कलवारी थानाक्षेत्र के सिंगई गांव में हुई मारपीट के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। यह विवाद चाचा–भतीजे के बीच हुआ। कहासुनी के बाद मामला मारपीट में बदल गया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल भतीजे सुभाष को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे । एसपी ने आरोपियों के गिरफ्तारी का निर्देश दिया है।

### युवती लापता, तीन पर मुकदमा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में एक महिला ने बताया कि उनकी 23 वर्षीय बेटी शहर के एक कालोनी में संचालित कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण ले रही थी। वहां पर एक किराए का मकान लेकर रहती थी। वह 21 नवंबर को कहीं लापता हो गई। काफी तलाश किया और उसकी गुमशुदगी कोतवाली थाने में दर्ज कराया। बाद में पता चला कि बेटी गांव के ही प्रदीप के साथ चली गई है। आरोप है कि बेटी को गायब करने में प्रदीप के साथ राजकुमार और रीना भी मददगार हैं। पुलिस ने प्रदीप, राजकुमार और रीना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### जर्जर मंदिर मिला

खुर्जा (आभा) खुर्जा क्षेत्र स्थित ख्वेशज्ञान मोहल्ला में करीब तीन दशकों से एक मंदिर बंद पड़ा है, जो पूरी तरह जर्जर हो गया। ऐसे में विश्व हिंदू परिषद के मेरठ प्रांत के परावर्तन प्रमुख सुनील सोलंकी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम वित्त अभिषेक सिंह को दिया। साथ ही मंदिर को अतिक्रमण मुक्त कराने और मरम्मत कराने की मांग की।

### ग्राम समाज की जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**विकमजोत (बस्ती)।** छावनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्यानपुर के ग्राम बासियों ने उपजिलाधिकारी हरैया को शिकायती पत्र दिया है शिकायती पत्र में गाव के ही कुछ लोगों पर ग्राम समाज की जमीन पर अबैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया है और अबैध रूप कर रहे कब्जे को जांच करा कर रूकवाने की मांग की है।

जानकारी के लिए कल्यानपुर गाँव में ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 354,346 है। जिसमें गाटा संख्या 346 में ग्राम सभा की आपसी सहमति से आर आर सी सेंटर का निर्माण कराया गया है उसी आर आर सी सेंटर से सटी भूमि को अनीता पत्नी राज कुमार व राहुल पुत्र राज कुमार द्वारा लालच में आकर कूट रचित तरीके से ग्राम समाज की भूमि पर 16 दिसंबर की रात में छप्पर रखकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था ग्राम बासियों द्वारा डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर डायल 112 पुलिस मौके पर आयी और छप्पर रखने से लोगों को मना कर दिया। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया है कि डायल 112 के चले जाने के बाद विपक्षियों द्वारा छप्पर रख लिया गया। इतना सब कुछ होने के बावजूद कल्यानपुर निवासी धरमू पुत्र राम धीरज व ६ रमशीला पत्नी धरमू उक्त भूमि में 13 दिसंबर को जबरदस्ती नल लगा लिया गया है विपक्षियों द्वारा उक्त भूमि पर नल लगाकर अबैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिसको रूकवाने के लिए उपजिलाधिकारी हरैया को शिकायती पत्र देकर ग्राम सभा के जनहित को देखते हुए ग्राम सभा की भूमि से अबैध कब्जेदारों को हटवाते हुए दोषियों के खिलाफ जांच करा कर सख्त कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर सरकारी जमीन को खाली करवाने के लिए आदेशित करने की मांग की है

# प्रधानमंत्री मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**कुवैत सिटी (आभा)।** कुवैत में प्रधानमंत्री मोदी को वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। कुवैत के अमीर अमीर शेख मेशाल अल–अहमद अल–जबर अल सबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया। पीएम मोदी कुवैत के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इससे पहले 19 देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। इस लिस्ट में शुमार होने वाला यह 20वां देश है।

पीएम मोदी को यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच अच्छे संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को यह पुरस्कार दिया गया है। श्द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीरश मित्रता के संकेत के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी संप्रभुओं और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। पीएम मोदी से पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को भी 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' प्रदान किया जा चुका है।


## अल्लू अर्जुन के घर पर हमला, 8 गिरफ्तार



हैदराबाद (आभा)। उस्मानिया विश्वविद्यालय के कई सदस्यों ने रविवार को हैदराबाद में तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन के जुबली हिल्स स्थित आवास पर धावा बोल दिया और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इस हमले के बाद 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने हस्तक्षेप किया और विश्वविद्यालय की संयुक्त कार्रवाई समिति जेएसी के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें बाद में जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

उस्मानिया विश्वविद्यालय जेएसी के कई नेताओं वाले समूह ने अभिनेता के घर में जबरन घुसने का प्रयास किया और 35 वर्षीय महिला के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की। आपको बता दें कि 4 दिसंबर को हैदराबाद के एक सिनेमा हॉल में भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान महिला की मृत्यु हो गई थी। अल्लू अर्जुन यहां अपनी हालिया रिलीज 'पुष्पा 2 ' द रूल' के प्रीमियर के लिए पहुंचे थे।

## प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तैयारियां तेज: बाजार में बढी रौनक



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। क्रिसमस पर्व को लेकर जहां घरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं, वहीं चर्च को रंग–रोगन करते हुए टिमटिमाती झालरों से सजाते हुए उसमें प्रार्थना शुरू हो गई है। पर्व को लेकर ईसाई समाज के लोगों में उल्लास है। दीवानी कचहरी स्थित सेंट जेम्स सीएनआई चर्च शाम होते ही झालरों की रोशनी से नहा उठा। फादर रेव. ई.ए. स्टर्लिंग ने बताया कि चर्च में 20 दिसंबर से प्रार्थना शुरू है। बताया कि क्रिसमस प्रभु यीशु के जन्मदिन का उत्सव है। गायन मंडली की ओर से हर्रैया से लेकर बस्ती शहर और खलीलाबाद तक विभिन्न क्षेत्रों में घर–घर जाकर प्रभु यीशु का संदेश दिया जा रहा है। शुक्रवार को क्रिसमस ट्री सजाया गया। सेंटा क्लास बनकर बच्चों के साथ खूब मस्ती की। खेलकूद प्रतियोगिता हुई, जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया, प्रसाद का वितरण हुआ। शर्ली, वंशिका, अदिति, परी, निदा, जिकरा, पीहू, अविनव, दिव्यांशी और सौम्या को शेरोन ने डांस सिखाने में सहयोग किया। खलीलाबाद से आई एश्ली राब्सन ने डांस कर सबको मंत्रमुक्त कर दिया। शनिवार को चर्च और आसपास क्षेत्रों में कैरोल सिंगिंग किया गया। फादर ने बताया कि 24 दिसंबर की मध्यरात में प्रभु यीशु के जन्म पर प्रार्थना सभा होगी, अगले दिन सुबह 10 बजे से मुख्य प्रार्थना सभा होगी। बाइबिल पाठ और गीत के बाद बच्चों के कार्यक्रम होंगे। वहीं घरों को लोग विधिवत सजा रहे। पकवान की तैयारी कर रहे। वहीं अन्य चर्चा में भी तैयारियां जोरों पर है।

प्रभु यीशु के आगमन को लेकर बाजार सज गए हैं। यहां क्रिसमस ट्री, सांता क्लाज के कपड़े, मुखौटा समेत अन्य परिधान उपलब्ध है। गिफ्ट, ग्रीटिंग कार्ड, सितारे, चाकलेट, सेंटा क्लाज की टोपियां, ड्रेस उपलब्ध है। गांधीनगर, कंपनीबाग, फौव्वारा तिराहा पर सजी दुकानों पर ग्राहक क्रिसमस की खरीदारी कर रहे हैं। टेडी वियर वाला सेंटा क्लाज 150, क्रिसमस ट्री 80 रुपये से 450, वेलवाल 60, सेंटा मुखौटा 20 से 200 रुपये, म्युजिक सेट 350, चश्मा 50, सीढ़ी वाला सेट 140 से 350 रुपये तक है।

## शिक्षा मित्र उत्थान समिति जिलाध्यक्ष बने अश्विनी सिंह



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शिक्षक/ शिक्षा मित्र उत्थान समिति उत्तर प्रदेश की बैठक रविवार को लोहिया मार्केट परिसर में प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह की अध यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समस्याओं पर विचार और अधिकारों को हासिल करने के लिये संघर्ष पर जोर देने के साथ ही शिक्षा मित्र अश्विनी कुमार सिंह को बस्ती का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया।


बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने कहा कि लगभग 50 हजार शिक्षा मित्र टी.ई.टी./ सी.टी.ई.टी. उत्तीर्ण है इसके बावजूद उनकी नियुक्ति नहीं की जा रही है। प्रदेश सरकार प्राथमिकता के स्तर पर उनकी नियुक्ति सुनिश्चित करें । कहा कि देश के अनेक राज्यों

**–टी.ई.टी., सी.टी.ई.टी. उत्तीर्ण 50 हजार शिक्षा मित्रों को शिक्षक बनाये सरकार–गुड्डू सिंह**

में टी.ई.टी./ सी.टी.ई.टी. उत्तीर्ण शिक्षा मित्रों को शिक्षक बना दिया गया किन्तु उत्तर प्रदेश की सरकार लगातार हीला हवाली कर रही है। कहा कि इसके लिये प्रदेश स्तर पर निरन्तर संघर्ष चल रहा है। उन्होने एकजुटता पर जोर दिया जिससे नियुक्ति सुनिश्चित हो सके।

शिक्षा मित्र उत्थान समिति की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मंत्री विकास शर्मा, पवन तिवारी, ईश्वरदेव शुक्ल, राजेश यादव, अमरेश यादव, काली प्रसाद, राधेश्याम, सन्तोष भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी बस्ती ग्रेटर के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 283 मरीजों का उपचार



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रविवार को रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा गोटवा स्थित पटेल एस एम एच हास्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कालेज में नि: शुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 283 मरीजों का परीक्षण कर दवायें उपलब्ध करायी गई।

चिकित्सा शिविर संयोजक रोटरी के पूर्व अध्यक्ष डा वी.के. वर्मा ने बताया की क्लब द्वारा जरूरतंदों की विभिन्न रूपों में सेवा की जाती है।

शिविर के संचालन में डा. लाल, डा आलोक वर्मा, डा.श्याम नरायन चौधरी, डा चन्दा सिंह, डा आर एन चौधरी एवं पटेल हास्पिटल की टीम ने सहयोग किया।

रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर की राजेश्वरी देवी, राम दयाल चौधरी, किशन कुमार गोयल आदि ने चिकित्सा शिविर में सहयोग किया।

# वीर बाल दिवस पर याद किये गये बलिदानी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रविवार को भाजपा कार्यालय में वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों, साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान एवं सिख धर्म की महान परंपरा पर प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में प्रभु प्रीत सिंह, सरदार प्रदीप सिंह, रविन्द्र सिंह जल्लू, हर्षदीप सिंह, कुलदीप सिंह ने साहिबजादों की शहादत और खालसा पंथ के योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी ने सिख धर्म की स्थापना, गुरु परंपरा, और सिख धर्म के महान सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए साहिबजादों की वीरता और बलिदान



की मार्मिक कथा साझा की। उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्र, जोरावर सिंह और फतेह सिंह, अपनी साहसिकता और धार्मिक निष्ठा के लिए प्रसिद्ध थे। इन दोनों ने अपने पिता के साथ कई युद्धों में हिस्सा लिया और अद्वितीय बहादुरी का परिचय दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद मिश्र ने की। अपने संबोधन में उन्होंने साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए समाज में सद्भाव, एकता, और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर सतीश द्विवेदी ने सिख समुदाय के लोगो को सम्मानित किया तथा युवाओं को देश की रक्षा और सम्मान के लिए सदा तत्पर रहने का संकल्प दिलाया।

संचालन कार्यक्रम संयोजक अमृत कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, यशकान्त सिंह, राजेश पाल चौधरी, अंकुर वर्मा, भानु प्रकाश मिश्र, गजेंद्र सिंह, सरदार बलजीत सिंह, हरि सिंह, दलजीत सिंह, गुरु चरन सिंह, गुमनाम सिंह, सत्यपाल सिंह, दिलीप पाण्डेय, राजकुमार शुक्ल, अमरजीत सिंह, रौनित सिंह, शैकी सिंह, अमन सिंह, सरदार त्रिलोचन सिंह सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंडियन ओवरसीज बैंक के तीस लाकरों को काटकर करोड़ों की चोरी

लखनऊ (आभा)। राजधानी लखनऊ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। चिनहट इलाके के मटियारी में इंडियन ओवरसीज बैंक में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने बैंक की दीवार काटकर अंदर घुसे और सुरक्षा अलार्म तोड़ दिया। इसके बाद 30 लॉकर काटकर करोड़ों रुपये के गहने चुरा लिए। रविवार दिन में इस घटना खुलासा हुआ।

बैंक मैनेजर संदीप सिंह ने बताया कि बैंक के बगल में स्थित खाली प्लॉट की तरफ से दीवार काटकर बैंक के अंदर सेंध लगाई गई। फिर चोरों ने लॉकर काटकर करोड़ों रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक बैंक का अलार्म सिस्टम खराब था। जिससे वारदात के समय काम नहीं कर सका। साथ ही बैंक में सुरक्षा गार्ड भी तैनात नहीं था। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

उधर, मामले की जानकारी होने पर आला अधिकारी और फॉरेसिंक




टीम मौके पर पहुंचे। साथ ही डॉग स्क्वायड भी घटना पर जांच के लिए भेजा गया।जांच के लिए फिलहाल 6 टीमों को लगाया गया है।

## बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में आन्दोलन का एलान

लखनऊ (आभा)। पूर्वांचल और दक्षिणांचल को प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत संचालित करने के विरोध में रविवार को लखनऊ में बिजली पंचायत हुई। देशभर से जुटे विद्युत संगठनों के पदाधिकारियों ने तय किया कि वे किसी भी कीमत पर निजीकरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्वांचल और दक्षिणांचल के निजीकरण के लिए बिडिंग प्रक्रिया शुरू होते ही 'करो या मरो' की तर्ज पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू होगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और ऊर्जा प्रबंधन की होगी।

## 17 केंद्रों पर हुई पीसीएस प्री परीक्षा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रविवार को जिले के 17 केंद्रों पर पीसीएस प्री परीक्षा दो पाली में सम्पन्न हुई। गहन तलाशी के बाद परिक्षार्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी, एसडीएम, सीओ व अन्य अधिकारी लगातार केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते । परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक कक्षों में शिक्षकों को भेजने के साथ अभ्यर्थियों



को उनकी सीट पर बैठाने व अन्य कार्रवाई कड़ी निगरानी में पूरी की गई। डीएम रवीश गुप्ता ने बताया कि सभी केन्द्रों पर परीक्षा को शुचिता पूर्ण कराने के लिए हर संभव उपाय किये गये थे।

# तीन गो तस्कर गिरफ्तार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हाईवे पर चौकड़ी टोल प्लाजा के पास छावनी पुलिस ने तीन गोतस्करों को दबोच लिया। इनके पास से पिकअप गाड़ी बरामद हुई, जिस पर गोवंशीय पशु लदे हुए थे। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर छावनी पुलिस ने गोंडा निवासी फारूख और दो अन्य को पकड़ा। इनके पास से चार बछड़े बरामद हुए। यह गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक छावनी विजय कुमार दूबे ने की।



रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि गोवंश को परीक्षण के बाद रूपगढ गौशाला को दिया गया।

## खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। 15 दिवसीय मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप एवं जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरान्त दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने




वाले खादी ग्रामोद्योग के उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके सफल उद्यम हेतु शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी बस्ती मण्डल बस्ती पी0एन0 सिंह द्वारा प्रदर्शनी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आये हुए समस्त आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सिद्धार्थनगर, बस्ती एवं संतकबीरनगर समस्त कर्मचारियों एवं प्राचार्य मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती भी अपने समस्त कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के अपमान का मामला: कांग्रेस ने मांगा गृह मंत्री अमितशाह का त्याग पत्र

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बाबा साहब डा. अम्बेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की मानसिकता को उजागर कर दिया है। भाजपा शुरू से बाबा साहब और संविधान का सम्मान नही करती। जो संविधान का सम्मान करता है वह बाबा साहब का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त नही कर सकता। यह बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कही। वे पार्टी दफ्तर पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

कांग्रेस नेता ने कहा अमित शाह के बयान को लेकर देशभर में गुस्सा है। जगह जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को उन्होने चोट पहुचाया है। इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण ये है कि प्रधानमंत्री को




उन्हे बुलाकर उनकी गलती का अहसास कराने और इस्तीफा मांगने की जगह ट्वीट कर उन्हे उत्साहित कर रहे हैं और उनके बयान का जायज ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा अमित शाह ने बाबा साहब का मजाक उडाकर जो आग देशवासियों के दिलों में लगाया है वह उनके इस्तीफे के बाद ही शांत होगी। पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा लोकसभा के बाहर शांतपूर्ण प्रदर्शन कर रहे इंडिया ब्लाक के लोगों को सदन में जाने से रोकना उनके अधिकारों का हनन है। जनता उन्हे आगामी चुनावों में सबक सिखायेगी। पत्रकार वार्ता में मो. रफीक खां, गंगा मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, अमित प्रताप सिंह, अलीम अख्तर, आशुतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 23 दिसम्बर 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

### हंगामे की संसद से क्या हासिल

लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग–अलग नजरियों को स्पष्ट कर गई। इस बहस का भी एक बड़ा बिंदु आरक्षण ही रहा। जहां विपक्ष ने इन आरोपों को दोहराया कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब–तब दबे–छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे–बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं की अपने अनुकूल गोलबंदी करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है।

अठारहवीं लोकसभा का तीसरा सत्र संपन्न हो गया। इस शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा की 20 बैठकें हुईं, जो 62 घंटे तक चलीं. लोकसभा के इस सत्र के दौरान उत्पादकता 57.87: रही। सत्र के दौरान लोकसभा में पांच सरकारी विधेयक पेश किए गए और चार विधेयक पारित किए गए। शून्य काल के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए और नियम 377 के अंतर्गत 397 मामले उठाए गए. यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा 13 दिसंबर को शुरू हुई और 14 दिसंबर को समाप्त हुई. शून्य काल के दौरान 61 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और सदस्यों द्वारा अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए। लोक सभा का शीतकालीन सत्र अब तक के सभी सत्रों में सबसे कम उत्पादकता वाला रहा. लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57: रही और राज्यसभा की प्रोडक्टिविटी 43: रही. संविधान पर चार दिन चर्चा चली और बाकी समय शोरशराबा और हंगामा होता रहा. यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था. 26 दिनों के इस सत्र में 19 बैठकें हुईं।

तानाशाही एक और ऐसे बिंदु के रूप में उभरी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोप समान ही रहे। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी चलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाता रहा है। इस मामले में जहां कांग्रेस का फोकस पिछले दस सालों पर केंद्रित रहा, वहीं ठश्रच का पॉइंट यह था कि आजादी के बाद से 55 साल तक सत्ता एक ही परिवार के हाथों में रही। जाहिर है, सबसे ज्यादा नुकसान इसी परिवार ने किया। उनका संकेत गांधी परिवार की ओर था। इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए।

बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां सावरकर के सहारे ठश्रच पर निशाना साधा वहीं पीएम मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की गलतियां गिनाईं।

पूरी बहस का यही बिंदु ऐसा था जो थोड़ा जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू–तू मैं–मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति को बिना शर्त करना चाहिए। मूल प्रश्न यह कि आखिर वह समय कब आयेगा जब संसद में मुद्दों पर बहस होगी और जनता के धन का दुरूपयोग नही होगा।

# अम्बेडकर के नाम पर गरमाई राजनीति

**–राजेश कुमार पासी–**




संविधान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने एक घंटा चालीस मिनट का एक भाषण दिया । इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस पर तंज किया कि अम्बेडकर–अम्बेडकर चिल्लाना एक फैशन बन गया है। उन्होंने कहा कि इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल जाता । इसके बाद उन्होंने कहा कि आप लोग अम्बेडकर का नाम लेते हो, हमें इसका आनंद है लेकिन आप लोग जो उनके प्रति भाव रखते हो, वो मैं आपको बताता हूं। इसके बाद उन्होंने बताया कि कैसे कांग्रेस ने बाबा साहब का उनके जीवन और उनके महानिर्वाण के बाद उनका अपमान किया है। इस भाषण के कई घंटों बाद कांग्रेस की मीडिया टीम ने इस भाषण की सिर्फ 12 सेकंड की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया में जारी कर दी और आरोप लगाया कि अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। कितनी अजीब बात है कि विपक्ष के सांसदों के सामने अमित शाह ने डेढ़ घंटे से ज्यादा देर तक अपना भाषण दिया लेकिन किसी भी नेता को यह अहसास तब नहीं हुआ कि अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। जब कई घंटे बाद किसी व्यक्ति ने बताया कि अमित शाह के भाषण का 12 सेकंड का ये अंश राजनीतिक फायदा दे सकता है तो उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया गया ।

वास्तव में यह सच है कि उस क्लिप को देखने से ऐसा लगता है कि अमित शाह बाबा साहब का अपमान कर रहे हैं। अमित शाह सही बोल रहे थे लेकिन उनके बोलने का तरीका गलत था । उनकी इसी गलती का कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल फायदा उठाना चाहते हैं। अमित शाह की यह बात सही नहीं है कि अम्बेडकर की जगह भगवान का नाम लिया होता तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल जाता। मेरा मानना है कि न सिर्फ अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी इस बात को समझ चुके हैं बल्कि पूरी भाजपा को यह समझ आ गया है कि उनसे बड़ी गलती हो गई है। मैं यह नहीं मान सकता कि अमित शाह बाबा साहब का अपमान करने की नीयत से ऐसा बोल गए हैं बल्कि भाषण की निरंतरता में बह कर उनसे यह गलती हो गई। वर्तमान भारतीय राजनीति का सच यह है कि कोई भी नेता और राजनीतिक दल बाबा साहब का अपमान करने की सोच भी नहीं सकता क्योंकि वो जानता है कि इस देश का दलित–आदिवासी और पिछड़ा समाज बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता । बाबा साहब का अपमान करना अपनी राजनीतिक जड़े खोदने के बराबर है।

विपक्ष ने मुद्दे को लपक लिया है तो भाजपा सतर्क हो गई है। उसे पता है कि ये बहुत संवेदनशील मुद्दा है, इसे हल्के में लेना घातक साबित हो सकता है । मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पांच ट्वीट करके कांग्रेस पर हमला किया है। इसके अलावा अपनी बात रखने के लिए खुद अमित शाह प्रेस के सामने आए और उनके साथ कई मंत्री भी सामने आए। अमित शाह ने मीडिया से कहा कि वो जनता को पूरा वीडियो देखने को कहे । कांग्रेस झूठ फैला रही है, मैं कभी सपने में भी बाबा साहब का अपमान नहीं कर सकता । एक कहावत है कि दूध का जला, छाछ भी फूंक–फूंक कर पीता है, यह कहावत भाजपा पर चरितार्थ हो रही है। भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में अमित शाह और मोदी जी के भाषणों में फेरबदल करके बनाये गए वीडियो से नुकसान उठा चुकी है । 2015 में संघ प्रमुख भागवत के आरक्षण की समीक्षा वाले बयान का नुकसान भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में उठाया था। भाजपा नहीं चाहती कि इस क्लिप को वायरल करके विपक्ष उसे बाबा साहब का विरोधी साबित करने में सफल हो जाये।

दूसरी तरफ भाजपा यह भी जानती है कि विपक्ष भाषण का गलत इस्तेमाल कर रहा है इसलिये वो इस मुद्दे पर रक्षात्मक होने की जगह कांग्रेस पर आक्रामक है। वो यह नहीं कह रही है कि उससे गलती हो गई है बल्कि वो कह रही है कि वो तो बाबा साहब का बहुत सम्मान करती है और इसके लिए वो बाबा साहब के लिए किये गए अपने कामों को गिना रही है। भाजपा देश को बता रही है कि कांग्रेस ने बाबा साहब का कितना अपमान किया है। नेहरू जी और इंदिरा जी ने खुद को ही भारत रत्न दे दिया था। राजीव गांधी की मौत के सिर्फ दो महीने बाद उन्हें भी भारत रत्न दे दिया गया था। जो कांग्रेस बाबा साहब को भगवान बनाने में लगी हुई है, उसकी सत्ता जाने के बाद बनी वीपी सिंह की सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न दिया था । इस सरकार को भाजपा बाहर से समर्थन दे रही थी। इस सवाल का जवाब आज तक कांग्रेस ने नहीं दिया है कि वो बाबा साहब को भारत रत्न के काबिल क्यों नहीं समझती थी । इसके अलावा भी बाबा साहब का अपमान नेहरू सरकार के दौरान कई बार हुआ था। बाबा साहब को मंत्री के रूप में काम नहीं करने दिया गया तो उन्होंने मंत्रिपद से त्यागपत्र दे दिया था। उनके जाने के बाद उनके परिवार के साथ भी कांग्रेस ने बहुत गलत व्यवहार किया था।

मेरा मानना है कि पक्ष और विपक्ष इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रहे हैं, उन्हें बाबा साहब के मान–सम्मान से कोई लेना देना नहीं है। आज भारतीय राजनीति में दलित, संविधान,आरक्षण और अम्बेडकर बहुत ही सवेंदनशील मुद्दा बन चुके हैं। हर राजनीतिक पार्टी इन पर बहुत सोच समझ कर बोलती है। दलित और पिछड़ों के लिए संविधान, आरक्षण और बाबा साहब बहुत संवेदनशील मुद्दा है इसलिये सभी राजनीतिक दल उन्हें लुभाने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। आजकल तो विपक्ष संविधान को सिर पर उठाकर घूम रहा है लेकिन कई काम संविधान विरोधी कर रहा है। वास्तव में न सिर्फ राजनीतिक दल और नेता बल्कि दलित नेता और दलित संगठन भी बाबा साहब को भगवान बनाने की कोशिश में वर्षों से लगे हुए हैं। दलित बुद्धिजीवी वर्ग भी बाबा साहब को दलितों का भगवान बनाने के अभियान में शामिल हैं। ये सभी दलित हितों के लिए ऐसा कर रहे हैं, मुझे ऐसा नहीं लगता है। वास्तव में सभी अपने–अपने हितों की पूर्ति के लिए इस अभियान में शामिल हैं।

जिस कांग्रेस ने बाबा साहब को न सिर्फ भारत रत्न के काबिल नहीं समझा बल्कि उन्हें और भी कोई राष्ट्रीय सम्मान नहीं दिया, वही कांग्रेस आज कह रही है कि बाबा साहब हमारे लिए भगवान हैं। बाबा साहब हिंदुत्व के सख्त विरोधी थे इसलिए संघ शुरु से उनके खिलाफ रहा है। आज उसकी राजनीतिक शाखा भाजपा भी बाबा साहब को भगवान बनाने पर तुली है। सवाल उठता है कि जो लोग कभी अम्बेडकर विरोधी थे, वही लोग आज बाबा साहब को भगवान क्यों बनाना चाहते हैं। उनके विचारों पर चलने की बात कहीं खो गयी है क्योंकि उन पर चलना आसान नहीं है। किसी महापुरुष को भगवान बनाने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि उसके विचारों पर चिंतन बंद कर दिया जाता है । संविधान को धार्मिक ग्रन्थ बनाने की कोशिश की जा रही है इसलिए उसे बदलने का डर दिखाया जा रहा है। संविधान में तो लगातार बदलाव हो रहे हैं तो वो कैसे ग्रन्थ बन गया।

आज संघ और भाजपा अम्बेडकर का सम्मान इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ आ गया है कि वो हिन्दू धर्म के विरोधी नहीं थे बल्कि हिन्दू धर्म की बुराइयों के विरोधी थे । कांग्रेस को समझ आ गया है कि नेहरू और गांधी के नाम पर आगे राजनीति नहीं कर सकती इसलिए वो भी बाबा साहब पर अधिकार जता रही है। कितनी अजीब बात है कि जिस नेता को एक सांसद बनने से रोका जाता था,आज उसी नेता को सभी राजनीतिक दल देश का भगवान घोषित करने पर तुले हुए हैं। बाबा साहब को संविधान सभा में आने से रोका गया, सांसद बनने से रोका गया, मंत्री बनने से रोका गया और फिर इसके बाद काम करने से रोका गया। बाबा साहब को उनकी काबलियत के अनुसार काम करने का मौका नहीं दिया गया। कांग्रेस ने 1990 तक बाबा साहब की तस्वीर संसद के सेंट्रल हाल में नहीं लगने दी । आज बाबा साहब के अपमान के नाम पर सिर्फ राजनीति हो रही है।

अमित शाह के भाषण की 12 सेकंड की विडियो क्लिप से साबित किया जा रहा है कि वो अम्बेडकर विरोधी हैं क्योंकि भाजपा भी ऐसा काम कांग्रेस के साथ कर चुकी है । राहुल गांधी के भाषणों में से क्लिप बनाकर उनका कई बार मजाक उड़ाया गया है। ये कहना बहुत मुश्किल है कि वर्तमान राजनीति में कौन अम्बेडकर विरोधी है और कौन उनका समर्थक है । वास्तव में बाबा साहब के नाम को सभी राजनीतिक दल अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करते हैं। जहां तक प्रधानमंत्री मोदी जी की बात है तो उन्होंने ही अम्बेडकर जी से सम्बंधित 5 स्थानों को पंच तीर्थ घोषित करके विकसित किया है। इसके अलावा मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा दलितों और पिछड़ों को मिला है । मेरा मानना है कि बाबा साहब के नाम पर हो रही राजनीति बंद होनी चाहिए।

# महाकुम्भ मेला में होगा डिजिटल सुरक्षा तंत्र



**–दीपक मिश्र–**

तीर्थराज प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ–2025 महापर्व को सफल बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा सभी परियोजनाओं के क्रियान्वयन व पूर्ति की प्रक्रियाओं में तेजी लाई गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार, इस बार महाकुम्भ दिव्य–भव्य होने के साथ ही डिजिटल भी होने जा रहा है। ऐसे में, सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत महाकुम्भ मेला में एडवांस्ड एआई डाटा ड्रिवन डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इस सिस्टम को लागू करने से महाकुम्भ पुलिस का सर्विलांस कई गुना अधिक प्रभावी और मजबूत हो जाएगा। इससे सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत भीड़ प्रबंधन समेत विभिन्न पहलुओं की विवेचना करते हुए घटनास्थल व चिह्नित क्षेत्रों के रियलटाइम डाटा को एनालाइज कर प्रभावी स्ट्रैटेजी बनाने में मदद मिलेगी।

महाकुम्भ मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एडवांस्ड एआई डाटा ड्रिवन डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया निर्धारण को लेकर कार्य शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया को पूरा करने तथा सर्विलांस के लिए एक विशिष्ट टीम का गठन होगा जो इस सिस्टम को लागू करने, प्रत्येक पुलिसकर्मियों व सुरक्षा स्टाफ को ट्रेंड करने तथा विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट्स के निर्धारण व निर्माण में मददगार साबित होगा। यह सिस्टम महाकुम्भ पुलिस ऐप के बाद सुरक्षा व स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ रही उत्तर प्रदेश पुलिस की एक और बड़ी सफलता होगी। एसएसपी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस सिस्टम से पुलिस का सर्विलांस और अधिक मजबूत हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही मेला संचालन के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जा सकेगी।

प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ मेला 2025 में 40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री शामिल होंगे, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े समारोहों में से एक बन जाएगा। इस तरह के विशाल आयोजन से भारी मात्रा में डाटा उत्पन्न होगा, जिसके लिए प्रभावी भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुरक्षा व संरक्षा के लिए गहन विश्लेषण की आवश्यकता होगी। इसी क्रम में, प्रयागराज मेला पुलिस महाकुम्भ मेला–2025 की अवधि के लिए एक विशिष्ट टीम का गठन करेगी जो बड़े डाटासेट पर एआई व मेटा डाटा आधारित बिग डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम का निर्माण व संचालन करेगी ताकि आयोजन का सुरक्षित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके तथा अंतर–एजेंसी समन्वय को बढ़ाया जा सके।

इसी को ध्यान में रखकर बिग डाटा एनालिटिक्स समाधान उपलब्ध कराने के लिए एआई युक्त सिस्टम का विकास किया जा रहा है। यह सिस्टम डाटा के पैमाने को देखते हुए, वास्तविक समय के डाटा विश्लेषण व कई डाटा स्रोतों में सहज संरक्षण व विवेचना क्षमताओं वाला एक मजबूत आधार बनेगा। टीम द्वारा बिग डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम के निर्माण व संचालन के साथ ही प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना होगा। इस सिस्टम को महाकुम्भ 2025 की शुरुआत के पहले टेस्टिंग फेज पूरा करने के बाद डिप्लॉय कर दिया जाएगा।

डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन का उद्देश्य बड़े पैमाने पर डाटा सेटों को वास्तविक समयबद्ध विश्लेषण को सक्षम करना है, जिससे महाकुम्भ के दौरान प्रभावी भीड़ प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा की सुविधा मिल सके। इसका उद्देश्य अंतर–एजेंसी समन्वय को बढ़ाना, समय पर संभावित खतरे का पता लगाना तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी उत्पन्न करना है। इसके अतिरिक्त, सिस्टम का उद्देश्य मजबूत डाटा हैंडलिंग और स्केलेबिलिटी सुनिश्चित करना है, जो आयोजन के सुरक्षित और कुशल निष्पादन का समर्थन करना है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विभिन्न सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस को लागू किया जाएगा। डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम इन खूबियों से होगा लैस। डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन प्रोवाइडर के तौर पर वृहद स्तर पर कार्य करेगा। रियल टाइम डाटा प्रोसेसिंग, एसेसमेंट व को–रिलेशन के आधार पर स्ट्रैटेजी का निर्माण। इंटेलीजेंस रिपोर्ट का निर्माण व प्रभावी स्ट्रैटेजी को लागू करने में मददगार। विशिष्ट रिपोर्टों के निर्माण, स्टोरेज समन्वय के लिए डैशबोर्ड की तरह कार्य करेगा। ट्रेनिंग व सहायता के साथ ही सिक्योरिटी कॉम्पलायंस व संवेदनशील डाटा को सहेजने में होगा निपुण।

# प्रियंका गांधी के बैग पर विवाद क्यों ..?

**–रोहित कौशिक–**





वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी 16 दिसम्बर को जब संसद भवन आईं तो उन्होंने अपने कंधे पर एक बैग टांग रखा था। इस बैग पर फिलिस्तीन लिखा था। इस बैग पर कई तरह के फिलिस्तीन प्रतीक भी बने हुए थे। इस बैग को लेकर भाजपा ने प्रियंका गांधी पर निशाना साधा। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। लेकिन प्रियंका गांधी ने 17 दिसम्बर को बंगलादेश में हिन्दुओं और ईसाइयों पर हो रहे हमलों के खिलाफ भी आवाज उठाई। प्रियंका गांधी 17 दिसम्बर को भी संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं। इस बैग पर लिखा था–'बंगलादेश के हिन्दुओं और ईसाइयों के साथ खड़ें हों।' 16 दिसम्बर को संसद में फिलिस्तीन लिखे बैग को लेकर पहुंची प्रियंका गांधी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हमला बोला।


भाजपा के सांसद संबित पात्रा ने कहा कि नेहरू जी के समय से प्रियंका वाड्रा तक, जब से गांधी परिवार के सदस्य राजनीति कर रहे हैं, वह अपने कंधे पर तुष्टीकरण के बैग को लटकाकर ही चल रहे हैं। प्रियंका गांधी के बैग पर भाजपा के प्रवक्ता अमित मालवीय ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस नया मुस्लिम लीग है। प्रियंका गांधी ने इस मुद्दे पर कहा कि मैं अपनी सोच पहले भी कई बार बता चुकी हूं। कौन यह तय करेगा कि मुझे अब क्या कपड़े पहनने हैं। यह पितृसत्ता है कि आप यह तय करें कि औरत क्या पहनेगी। 16 दिसम्बर को जब भाजपा ने फिलिस्तीन लिखे बैग को लेकर प्रियंका गांधी की आलोचना की तो 17 दिसम्बर को प्रियंका गांधी ने बंगलादेश के मुद्दे पर नया बैग ले जाकर यह सवाल उठाया कि भाजपा कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाती है लेकिन बंगलादेश में हिन्दुओं और ईसाइयों पर अत्याचार हो रहे हैं लेकिन भाजपा क्या कर रही है? दरअसल भाजपा कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाती है। यह आरोप तो भाजपा पर भी लगाया जा सकता है। भाजपा हमेशा हिन्दू अधिकारों के बारे में बात करती है। तो क्या वह हिन्दू तुष्टीकरण का कार्ड खेल रही है? यह भी सवाल उठाया जा सकता है कि भाजपा अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में क्यों बात नहीं करती है? मुस्लिमों के अधिकारों के बारे में बोलना क्या मुस्लिम तुष्टीकरण है?

भारत केवल हिन्दुओं का नहीं है। भारत मुसलमानों और दूसरे अल्पसंख्यक समुदाय का भी उतना ही है जितना हिन्दुओं का है। कुछ समय पहले भाजपा ने यह भ्रम फैलाया था कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की सम्पत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। तब भाजपा ने कहा था कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। दरअसल मनमोहन सिंह के इस बयान को तोड़–मरोड़ कर पेश किया जाता है। यह 18 साल पहले का बयान है। 9 दिसम्बर 2006 को मनमोहन सिंह ने एक संगोष्ठी में कहा था ,"मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए योजनाओं को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों का और खासकर मुस्लिमों का भी उत्थान हो सके और उन्हें विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला हक है।"

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के इस बयान को ऐसे प्रस्तुत किया गया कि जैसे उन्होंने कहा है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। जब मनमोहन सिंह का स्पष्ट भाव यह था कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सभी अल्पसंख्यक विशेषतरू मुसलमान बहुसंख्यकों के सामने किसी न किसी रूप में पिछड़े हुए हैं। चाहे वे संख्या के आधार पर पिछड़े हुए हों या फिर संसाधनों के आधार पर। इसलिए उनके उत्थान के लिए पहले उन्हें संसाधनों को इस्तेमाल करने का अवसर दिया जाना चाहिए। जब भारत आजाद हुआ तो जिन मुसलमानों को पाकिस्तान जाना था वे पाकिस्तान चले गए। लेकिन बाकी मुसलमान भारत में ही रह गए। जो मुसलमान भारत में रह गए उन्हें भारत की मिट्टी से प्यार था। उन्होंने भारत को अपना देश माना तभी वे भारत में रहे। भारत में हिन्दू संख्या में ज्यादा हैं। इसलिए भी हिन्दुओं को मुसलमानों का ध्यान रखना चाहिए।

शायद कुछ ऐसे ही भाव को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने यह कहा था कि अल्पसंख्यकों और विशेषतरू मुसलमानों का पहला हक है। यह मुस्लिम तुष्टीकरण कैसे हो गया। कांग्रेस में हजार कमियां हैं लेकिन क्या कांग्रेस ने अपने राज में हिन्दुओं को मंदिरों में जाने से रोका है? क्या हिन्दुओं पर अत्याचार किए गए हैं? क्या कांग्रेस ने हिन्दुओं को अधिकारों पर प्रतिबंध लगाया है। फिर अल्पसंख्यकों के हकों के बारे में बोलना मुस्लिम तुष्टीकरण कैसे हो गया? आज भाजपा की बहुत सारी सरकारी योजनाओं का लाभ मुसलमान उठा रहे हैं तो यह आरोप तो भाजपा पर लगाया जा सकता है कि वह मुसलमानों को सुविधाएं देकर मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहती है। हो सकता है कि जिस तरह कुछ हिन्दू भी कट्टर होते हैं उसी तरह कुछ मुसलमान भी कट्टर हों लेकिन ज्यादातर मुसलमान अपनी रोजी–रोटी के चक्कर में संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए उनके हितों के बारे में बोलना तुष्टीकरण नहीं हो सकता।

# रिक्शा चालक को भेजा 51 लाख रुपये की रिकवरी नोटिस



**संवाददाता–श्रावस्ती।** बेसिक शिक्षा विभाग का एक अजब कारनामा सामने आया है। फर्जी शिक्षक बताकर विभाग ने एक रिक्शा चालक को 51 लाख 63 हजार रुपये की रिकवरी नोटिस थमा दी है। साथ ही भुगतान न करने पर आरसी जारी कराते हुए वसूली की चेतावनी भी दी गई है।

कोतवाली भिनगा क्षेत्र के गांव गोड़पुरवा निवासी मनोहर यादव पुत्र ठाकुर प्रसाद दिल्ली में रहकर रिक्शा चलाकर परिवार का पेट भरता है। परिवार के लोग गांव में ही रहते हैं। कुछ दिन पहले ही वह अपने घर आया है। शुक्रवार को डाकिया से मनोहर को एक पत्र मिला। गांव के कुछ लोगों को दिखाने पर पता चला कि वह पत्र जिला बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से भेजा गया है जो रिकवरी नोटिस है। इसमें उसे फर्जी शिक्षक बताया गया है और उसकी नियुक्ति समाप्त कर दी गई है। अब तक उसके द्वारा प्राप्त की गई धनराशि 51 लाख 63 हजार रुपये एक सप्ताह में जमा कराने को कहा गया। यह सुन मनोहर के होश उड़ गए। उसका कहना है कि वह एक निरक्षर व्यक्ति है और दिल्ली में रिक्शा चलाकर परिवार का पालन– पोषण करता है।

मनोहर को जारी की गई रिकवरी नोटिस में दावा किया गया है कि वह सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी सीहमई कारीरात तहसील अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर के फर्जी नाम व पते का प्रयोग कर बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन श्रावस्ती के जमुनहा ब्लाक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नौव्वापुरवा में सहायक शिक्षक की नौकरी कर रहा था। कूटरचित अभिलेखों का प्रयोग कर नौकरी अर्जित करने की पुष्टि होने पर 14 जुलाई वर्ष 2020 में उसकी नियुक्ति समाप्त कर दी गई। साथ ही कोतवाली भिनगा में मामला दर्ज कराया गया। 12 दिसम्बर को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की ओर से नोटिस जारी कर कथितरूप से बेसिक शिक्षा विभाग से फर्जी तरीके से नौकरी करते हुए प्राप्त की गई 51 लाख 63 हजार 53 रुपये एक सप्ताह में कोषागार में जमा कराने का निर्देश दिया गया। भुगतान न करने पर भू–राजस्व वसूली की तरह कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

पुलिस विवेचना के बाद जो लिस्ट आई है उसमें जो नाम है उसे हिसाब से कार्रवाई की गई है। बाबू को थाने भेजकर एक बार फिर नाम चेक करने को कहा गया है। यदि अपने स्तर से कमी हुई तो सुधार किया जाएगा लेकिन यदि विवेचना में पुलिस ने यही नाम दिया है तो उस पर बात कर मामले की पुष्टि करते हुए ही कार्रवाई होगी।

# कहासुनी के बीच शहर में अतिक्रमण पर चली नपा की जेसीबी



**संवाददाता–महराजगंज।** महराजगंज में ईओ के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ नपा कर्मचारियों ने शहर के निचलौल रोड को अतिक्रमणमुक्त बनाने की कार्रवाई शुरू की तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अधिकांश दुकानदार खुद अतिक्रमण हटाने लगे। लेकिन कुछ दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इसे लेकर दुकानदारों और नपा टीम के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी के बीच नगर पालिका प्रशासन ने सक्सेना चौराहा से लेकर मऊपाकड़ तक सड़क के दोनों तरफ पटरी और नालियों को अतिक्रमणमुक्त कर दिया।

जिला प्रशासन के निर्देश पर ईओ आलोक कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने जेसीबी लेकर सक्सेना चौराहा से निचलौल रोड को अतिक्रमणमुक्त करने का कार्य शुरू कर दी। इसे लेकर दुकानदार और टीम के बीच कहासुनी हो गई। विरोध के बीच टीम ने शहर के मऊपाकड़ चौराहे तक सड़क की दोनों तरफ पटरी और नालियों को अतिक्रमणमुक्त कर दिया। ईओ का कहना था कि सड़क को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए कई दिन से अलाउंस कराया जा रहा है। लेकिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिला प्रशासन के निर्देश पर सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने का अभियान शुरू कर दिया गया है। कार्रवाई से बचने के लिए दुकानदार खुद अतिक्रमण हटा लें। इस मौके पर शहर चौकी पुलिस के अलावा प्रधान लिपिक बैकुंठनाथ यादव, कैशियर विनोद जायसवाल, सफाई लिपिक लालबहादुर और सम्पत्ति लिपिक इम्तियाज अहमद सहित कई नगर पालिका कर्मचारी शामिल रहे।

# पीसीएस प्री परीक्षा में 2208 के सापेक्ष 1135 छात्र हुए उपस्थित

**संवाददाता–बलरामपुर।** जिलाधिकारी की निगरानी में पीसीएस प्री परीक्षा 2024 जिले के पांच केंद्रों पर दो पाली में आयोजित की गई। कुल पंजीकृत 2208 छात्रों में से प्रथम पाली में 1135 व द्वितीय पाली में 1131 छात्रों ने पीसीएस प्री की परीक्षा दी। जबकि प्रथम पाली में 1073 व द्वितीय पाली में 1077 छात्र अनुपस्थित रहे।

जिला मुख्यालय पर शासन के गाइडलाइन के अनुसार जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की सख्त निगरानी में पांच केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन पीसीएस प्री परीक्षा आयोजित हुई। प्रथम पाली में पंजीकृत 2208 परीक्षार्थियों में 1135 उपस्थित रहे, जबकि 1073 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह द्वितीय पाली में नामांकित 2208 के सापेक्ष 1131 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 1077 छात्रों ने परीक्षा से मुंह मोड़ लिया। एमएलके पीजी कॉलेज कला संकाय केंद्र पर प्रथम पाली में पंजीकृत 480 के सापेक्ष 228 अनुपस्थित रहे। विज्ञान संकाय केंद्र पर नामांकित 480 में 221 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। वाणिज्य संकाय केंद्र पर पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों में से 253 अनुपस्थित रहे। इसी क्रम में एमपीपी इंटर कॉलेज केंद्र पर पंजीकृत 384 परीक्षार्थी के सापेक्ष 210 उपस्थित रहे। बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में 384 के सापेक्ष 187 ने परीक्षा दी है। इसी क्रम में द्वितीय पाली में एमएलके पीजी कॉलेज कला संकाय केंद्र पर पंजीकृत 480 छात्रों में 251 उपस्थित रहे। विज्ञान संकाय केंद्र पर 480 में से 258 ने परीक्षा दी है। वहीं वाणिज्य संकाय केंद्र पर 480 में 225 छात्रों ने परीक्षा में शामिल हुए। एमपीपी इंटर कॉलेज में द्वितीय पाली में 384 के सापेक्ष 210 ने परीक्षा दी। बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में पंजीकृत 384 में 187 उपस्थित रहे। दोनों पाली में शांतिपूर्ण नकल विहीन परीक्षा संपन्न होने की बात नोडल अधिकारी प्रदीप कुमार ने कही है।

पीसीएस प्री 2024 परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन चौकन्ना रहा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 200 मीटर परिधि में फोटो स्टेट सहित अन्य दुकानों को बंद रखा गया। भारी पुलिस बल की तैनाती परीक्षा केंद्रों पर रही। पल–पल की लाइव रिपोर्ट कंट्रोल रूम से परीक्षा का लिया। सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्षा में जाने दिया गया। केंद्र पर डीएम, एसपी, एएसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का निरीक्षण परीक्षा के दौरान जारी रहा।

प्रदीप कुमार, एडीएम/नोडल अधिकारी ने कहा कि जिले में पांच केंद्रों पर पीसीएस प्री परीक्षा 2024 नकल विहीन व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा में 2208 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 1135 छात्रों ने परीक्षा दी है। दो पाली में आयोजित परीक्षा में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारी की सख्त व्यवस्था में परीक्षा संपन्न हुई।

# ट्रक से कुचलकर हुई साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** जलाने के लिए लकड़ी साइकिल पर लादकर जा रहे वृद्ध को रविवार को ट्रक ने कुचल दिया, इससे घटनास्थल पर ही वृद्ध की मौत हो गई। पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली भिनगा के भिनगा नगर स्थित बारी मोहल्ला निवासी ओम प्रकाश उर्फ चुटुनू (60) रामदीन रविवार सुबह जलौनी के लिए भिनगा जंगल से लकड़ी लाने गए थे। लकड़ी एकत्र कर वह साइकिल पर लादकर घर जा रहे थे। इस दौरान भिनगा के पटेल तिराहे के पास पहुंचते ही ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

इससे वृद्ध अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए और सिर के ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर गया। इससे उनका सिर कुचल गया और मौके पर ही वृद्ध की मौत हो गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही ट्रक चालक चालक व परिचालक को हिरासत में लेते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया। वहीं वृद्ध की मौत से परिजनों में मातम पसर गया है।

# सपा जिला उपाध्यक्ष उद्भव नारायण का हार्टअटैक से निधन



**संवाददाता–देवरिया।** सपा जिला उपाध्यक्ष उद्भव नारायण सिंह का रविवार सुबह हार्टअटैक से निधन हो गया। श्री सिंह के निधन से सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। गौरीबाजार के मदैना निवासी उद्भव नारायण सिंह (67) वर्ष सपा के दूसरी बार जिला उपाध्यक्ष थे। रुद्रपुर विधानसभा के प्रभारी भी थे। सन् 2016 में जिला सहकारी बैंक गोरखपुर से सेवानिवृत्त होने के बाद वह समाजवादी पार्टी से सक्रिय रुप से जुड़ गए थे। मृदुभाषी होने के चलते वह काफी लोकप्रिय थे। छात्र जीवन में श्री सिंह 1974 में बीआरडी पीजी कालेज देवरिया के उपाध्यक्ष व सन् 1977 में छात्र संघ के अध्यक्ष रहे। रविवार सुबह 9 बजे के करीब गांव के आवास पर हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। उद्भव नारायण दो भाईयों में उमेश नारायण सिंह से छोटे थे। श्री अपने पीछे पत्नी कुसुम लता सिंह, दो पुत्र अभिषेक नारायण सिंह, प्रभात नारायण सिंह, शिवेन्द्र नारायण को छोड़ गए।

जिला उपाध्यक्ष उद्भव नारायण सिंह निधन से सपा में शोक की लहर दौड़ गई। सपा जिला अध्यक्ष ब्यास यादव, सांसद सलेमपुर रमाशंकर विद्यार्थी, सांसद रामभुआल निषाद, सपा नेता परवेज आलम, पिंटू सिंह, अवधेश चौधरी, हृदयानंद जायसवाल, गया शंकर यादव, रामानंद यादव, नित्यानंद तिवारी, उमेश नारायण शाही, बांकेलाल यादव, अदालत यादव, अवनीश यादव, अशोक कुशवाहा, गोपी यादव, संतोष यादव, शिदत्त सिंह, राजकिशोर सिंह, हरेंद्र यादव, कमलेश पांडेय, उमाशंकर यादव, सुभाष यादव, विजय प्रताप यादव, ज्ञानप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# 800 मीटर दौड़ में अरमान को मिला पहला स्थान

**संवाददाता–श्रावस्ती।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में रविवार को खंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में अरमान विजेता बने। जमुनहा तहसील के पीएमश्री विद्यालय परिसर में खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार के नेतृत्व में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत हरीश जायसवाल गांधी व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला कमांडेंट पीआरडी आरएल पांडेय रहे। जिन्होंने प्रतियोगिता का शुभारम्भ फीता काटकर किया। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अशरफ अहमद को पहला स्थान मिला। वहीं बालिका वर्ग में अंजना पहले स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में शिव शांत ने बाजी मारी। वहीं बालिका वर्ग में साहिबा ने पहला स्थान हासिल किया। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में शिव शांत विजेता बने। बालिका वर्ग में शुभा देवी ने बाजी मारी। 800 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में अरमान अहमद ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में सपना को पहला स्थान मिला। कबड्डी में बालक व बालिका वर्ग में जमुनहा बाजार की टीम विजेता रही। लंबी कूद में शिव शांत पहले स्थान पर रहे। गोला फेंक में आकाश गौतम को पहला स्थान प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल में हरिहरपुर महाराज नगर की टीम विजेता रही। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक सहदेव प्रसाद, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, रूपेन्द्र प्रताप सिंह, अभय कुमार गुप्ता, वीरेन्द्र मौर्य, पवन वर्मा, दुर्गेश पाठक आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर मना वीर बाल दिवस

**संवाददाता–बहराइच।** भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी रहे। मुख्य अतिथि ने कहा राष्ट्र रक्षा व हिंदू धर्म को बचाने के लिए सिख समाज ने अपना बलिदान देकर हिंदू धर्म को बचाने के लिए मुगल शासन में बहुत यातनाएं झेली। मुगलों के अत्याचारों के खिलाफ सिखों के बलिदान की गाथाओं की कोई मिसाल दुनिया में और नहीं मिलती। राष्ट्र की नियत को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित करता है। जिससे वीर बाल दिवस को अतिरिक्त महत्व मिलता है।

बलिदानों में जोरावर सिंह और फतेह सिंह का बलिदान सर्वोपरि है। उनकी उम्र उस समय 6 वर्ष और 9 वर्ष की थी। इस बलिदान की गुरु अर्जन देव बलिदान से गाथा शुरू हुई। उनके बलिदान से उसके बाद साहबजादों के दादा हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर सिंह और उनके अनुयाई भाई मती दास छिबड भाई सती दास व भाई दयाल दास के प्रेरणा दायक बलिदान से जुड़ी है। गुरु तेग बहादुर सिंह को डराने के लिए उनके सामने भाई मती दास जी को ओर से चीरा गया। मती दास के बाद भाई दयाल को उबलते हुए पानी में डाल दिया गया था। उनके भाई सती दास को जिंदा जला दिया गया था। गुरु तेग बहादुर ने इस्लाम धर्म मानने से इनकार करने पर उनका सर धड़ से अलग कर दिया गया था। औरंगजेब के हुक्म पर यह कहा कि इनका कोई अंतिम संस्कार नहीं करेगा ।

इस्लाम कबूल न करने पर सरहिंद के नवाब ने बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह जो कि उसे समय मात्र 7 वर्ष और 9 वर्ष के थे। उनको जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया था। इस प्रकार उन्होंने धर्म रक्षा के लिए सर्वोपरि बलिदान अर्पित किया। दिसंबर के अंतिम पखवाड़े में गुरु तेग बहादुर का पूरा परिवार शहीद हो गया था। इसीलिए गुरु के अनुयाई शोक भी मनाते हैं, भूमि पर सोते हैं। इसलिए सिखों के अंतिम गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को अनोखी साहस की कहानी देश व दुनिया को अवगत कराने के लिए वीर बाल दिवस का कार्यक्रम जनपद के भाजपा के सभी मंडलों में 23 व 24 दिसंबर को मनाया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी, अखिलेश यादव रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी बैंक अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी रहे। संचालन अवध क्षेत्र के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष सरदार मंदीप सिंह वालिया ने किया। इस अवसर पर रणविजय सिंह, सुषमा चौधरी, मनीष आर्य, हेमा निगम, सुनील श्रीवास्तव, अमित शर्मा, सोनी श्रीवास्तव, सौरभ मिश्रा, प्रमोद पांडे, देवेंद्र कुमार मिश्रा, मंजुला पाठक, सुदामा मिश्रा, आशीष त्रिवेदी, घनश्याम कश्यप, सिद्धार्थ सिंह, शिवांकर शुक्ला, अरविंद शुक्ला, आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# फांसी की सजा पाए मासूम के हत्यारे की जेल में बढ़ी निगरानी

**संवाददाता–गोण्डा।** अपनी सौतेली मासूम बेटी से दरिंदगी के बाद उसकी हत्या करने में फांसी की सजा पाए युवक विश्वनाथ वंशकार की जेल में निगरानी बढ़ा दी गई है। जेल प्रशासन उसकी गतिविधियों पर पल–पल पर निगाह रख रहा है। उसके खानपान व रहन–सहन पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। जेल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फांसी की सजा होने के बाद वह गुमसुम हो गया है। लोगों से बातचीत भी नहीं करता है। नवाबगंज थाना क्षेत्र में 22 जून 2024 को कटरा रेलवे स्टेशन के पास बगिया में एक मासूम बच्ची का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला था। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या के पहले दुष्कर्म किए जाने की भी पुष्टि हुई थी। घटना की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष मनोज राय ने शुरू की और चौबीस घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर दिया। मध्य प्रदेश के जिला दतिया थाना सेवढ़ा के अंतर्गत ग्राम जोरी ताल निवासी बेटी के सौतेले पिता विश्वनाथ वंशकार पुत्र रामदास वंशकार को आरोपी बनाया गया ।

पुलिस की तत्परता पूर्ण व पैरवी से छह माह के अंदर अदालत ने मुकदमें की कार्यवाही पूरी करते हुए हत्यारोपी को शनिवार को फांसी की सजा सुनाई। हिरासत में लेकर जेल भेज दिया और शनिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राजेश नारायण त्रिपाठी की अदालत ने इसे विरलतम अपराध की श्रेणी का अपराध करार देते आखिरी सांस तक जब तक मृत्यु न हो जाए तब तक फांसी के फंदे से लटकाए जाने की सजा सुनाई। सजा होने के बाद आरोपी गोण्डा जिला जेल में बंद है, जिसको कड़ी निगरानी में रखा जा रहा है। जेल के सूत्र बताते हैं कि वह गुमसुम है और किसी से कोई बातचीत नहीं कर रहा है। खाना–पीना भी सामान्य है। शनिवार आधी रात तक वह बैरक में गुमशुम बैठा रहा। रविवार सुबह भी वह वैसे ही नजर आया। जेल अधीक्षक अपूर्वव्रत पाठक ने बताया कि आरोपी को कड़ी निगरानी में रखा जा रहा है।

नवाबगंज पुलिस को फोन पर मिल रही शाबासी रू घटना का 24 घंटे में खुलासा और दस दिन में आरोप पत्र दाखिल करने के साथ ही छह माह में कोर्ट में पैरवी कर फांसी की सजा दिलाने के लिए लोग फोनकर नबाबगंज पुलिस को शाबासी दे रहे हैं। नवाबगंज थानाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोग इस घटना से दुखी थे लेकिन कोर्ट का फैसला आने के बाद लोग फैसले की सराहना कर रहे हैं।

# शिविर में 730 नेत्र रोगियों का किया परीक्षण

**संवाददाता–गोण्डा।** भगवान घनश्याम महराज की जन्म स्थली स्वामिनारायण मंदिर परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण और चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में 730 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के बाद 640 नेत्र रोगियों को चश्मा वितरित किया गया। मंदिर परिसर में सोमवार को नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का उद्घाटन मंदिर के महंत देव स्वामी, कोठारी विष्णु स्वामी और गुरु जगत प्रकाश स्वामी ने पूजन के साथ किया। शिविर में भारी संख्या में मरीज पहुंचे। 730 मरीजों का नेत्र संबंधी विभिन्न बीमारियों का अत्याधुनिक मशीनों से परीक्षण किया गया। गुजरात से आये नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश भाई जोगानी, डॉ. अरविंद भाई, डॉ. धर्मेश, डॉ. पंकज की टीम ने क्षेत्र व दूर दराज से आए नेत्र रोगियों की जांच की। डॉ. दिनेश भाई जोगानी ने बताया की नेत्र शिविर में मरीजों का सामान्य नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद, कार्निया, दूर व नजदीक देखने में आने वाले परेशानियों की जांच की गई। 430 मरीजों को सामान्य और 150 मोतियाबिंद के रोगियों तथा 60 अन्य नेत्र संबंधी रोगियों को मिलाकर कुल 610 लोगों को चश्मा वितरित किया गया। महंत देव स्वामी ने बताया कि क्षेत्र के नेत्र रोगियों का आसानी से परीक्षण किया गया। इस दौरान हरि दर्शन स्वामी ,सागर भगत, अभिषेक,अयोध्या प्रसाद, विष्णु कुमार रहे।

# श्री अशर्फी भवन में भगवान कृष्ण रुक्मणी का विवाह सुन मंत्रमुग्ध हुए लोग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या । अशर्फी भवन में आयोजित विविध धार्मिक अनुष्ठानों में आज प्रातः काल दक्षिणात विद्वानों द्वारा भगवान का विशेष पूजन 108 हवन द्रव्यों से विशेष आहुतियां के साथ मध्यान काल में यज्ञ की पूर्ण आहूति हुई यज्ञ की महिमा बताते हुए कहां यज्ञ भगवान नारायण का साक्षात स्वरूप है यज्ञ करने से ही अंतर्मन प्रकृति एवं पर्यावरण शुद्ध होता है वस्वामी श्री धराचार्य जी महाराज ने कथा का विस्तार करते हुए कहा शरणागत रक्षक हैं प्रभु इंद्र वरुण आदि ने प्रभु चरणों में शरणागति कि प्रभु शरण में आए इंद्र ब्रम्हा वरुण आदि को पुनः अपना लेते हैं इससे सिद्ध होता है प्रभु पुरुषोत्तम है ऐश्वर्य से जो परिपूर्ण है वही परब्रह्म है वही भगवान है अपने सभी इंद्रियों से जो कृष्ण रस का पान करें वही गोपी है प्रभु श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ बिहार तो किया लेकिन मन को उन्नत अवस्था में स्थिर कर दिया शरद ऋतु में कदंब वृक्ष के ऊपर बैठकर बंसी निनाद करते हैं जीव रूपी गोपियां प्रभु कृष्ण के आमंत्रण पर सभी कार्यों को छोड़कर प्रभु के समीप जाती हैं भगवान श्री कृष्ण गोपियों को लौटने के लिए तर्क देते हैं सभी गोपियां कन्हैया के तर्कों को सुनकर कहती हैं प्रभु संसार के जो संबंध आपने हमें बताए हैं वह संबंध केवल शरीर से हैं और शरीर तक ही सीमित हैं यह संबंधा बदल सकते हैं लेकिन जीव और आत्मा का संबंध नहीं बदल सकता गोपियों के तर्क को सुनकर प्रभु मौन हो गए। गोपियों की अनन्य भक्ति देखकर रास रचौया श्री कृष्ण प्रभु सभी गोपियों के साथ दिव्य रास करते हैं प्रभु भक्त शंकर जी मां गौरा के साथ रास मंडल में पधारते हैं।




सर्वप्रथम गूंगी सखी रूप में शंकर जी के साथ प्रभु रास विहार करते हैं। अपने चरण कमल शिवजी के मस्तक पर रखते हैं।आज भी प्रभु नित्य गोवर्धन में भगवान गोपेश्वर महादेव के साथ रात्रि में रासलीला करते हैं पापी कंस के बढ़ते अत्याचार को देख कर देवर्षि नारद कंस के पास जाते हैं अक्रूर जी को दूत बनाकर कंस भगवान श्रीकृष्ण को गोकुल से मथुरा बुलाते हैं पापी कंस के पास रहकर भी अक्रूरजी कन्हैया को सारी बात सच सच बता देते हैं।भगवान श्रीकृष्ण मां देवकी और वसुदेव को कारागृह से मुक्त कराने के लिए मथुरा जाने को तैयार हो जाते हैं भगवान कृष्ण के जाने का समाचार सुनकर सभी ग्वाल बाल गोपियां रुदन करने लगती हैं प्रभु मथुरा नगरी पधारते हैं सभी मथुरा नगर वासी कान्हा का दर्शन पाकर प्रसन्न हो जाते हैं अनेकों जन्मों से प्रभु का इंतजार कर रही कुब्जा प्रभु को चंदन लगाती है कान्हा का स्पर्श करने से कुब्जा नवीन रूप पा जाती है प्रभु कंस के महल में पहुंचते हैं द्वार पर कंस ने प्रभु को मारने के लिए अनेकों योद्धा खड़े किए हैं।

कन्हैया सभी का वध करते हुए महल में प्रवेश करते हैं पापी कंस को प्रभु काल के रूप में ऋषि जनों को ब्रह्म के रूप में मथुरा वासियों को प्रभु कन्हैया के रूप में जिसका जो भाव है प्रभु उसी रूप में दिखाई दे रहे हैं प्रभु पापी कंस का संहार करते हैं पिता वसुदेव मां देवकी को कारागृह से मुक्त कराते हैं कंस के पिता उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाते हैं प्रभु संदीपन ऋषि के आश्रम में विद्या अध्ययन करने जाते हैं 64 दिन में सारी विद्या का अध्ययन करके प्रभु वापस आते हैं विश्वकर्मा को आदेश देकर समुद्र के समीप दिव्य द्वारिकापुरी का निर्माण कराते हैं राजा भीष्मक की पुत्री साक्षात परम मां भगवती जगतजननी लक्ष्मी स्वरूपा रुकमणी जी अपने अनंत प्रियतम प्रभु को प्रेम पत्र देते हुए अपना भाव निवेदन करती हैं। ब्राहमण देवता पत्र प्रभु श्री कृष्ण के हाथ में देते हैं पत्र को पढ़ कर के प्रभु की आंखों से अश्रुपात होने लगता है रथ में बैठकर प्रभु मां रुकमणी को लेने के लिए जाते हैं मां रुकमणी को रथ में बिठाकर प्रभु द्वारिका में आते हैं दिव्य मंडप सजाया जाता है सभी वैदिक विधियों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण मां रुक्मणी का विवाह होता है श्री कृष्ण और रुक्मणी जी का दिव्य कल्याण उत्सव सभी भक्तों ने धूमधाम से मनाया सभी भक्तजन कथा को सुनकर हर्ष का अनुभव कर रहे कल कथा का विश्राम दिवस है।

# हर माह दो करोड़ का खर्चा, नहीं दूर हुई छुट्टा मवेशियों की समस्या

**संवाददाता–बलरामपुर।** छुट्टा मवेशियों की देखभाल एवं संरक्षण के लिए जिले में प्रत्येक माह लगभग दो करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। बावजूद इसके छुट्टा मवेशियों की समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। छुट्टा मवेशी झुंड में खेतों में पहुंचकर किसानों की फसल को नष्ट कर देते हैं। मौजूदा समय में खेतों में लगी गेहूं व सरसों की फसल की निगरानी करने के लिए किसान कड़ाके की इस ठंड में पूरी रात जागने को विवश हैं। इसके बाद भी फसलोंको बचा पाना काफी मुश्किल होता है। गौशालाओं के संचालन में लापरवाही की शिकायतें भी मिलती हैं। मृत मवेशियों का सही से निस्तारण न होने से आस पास के लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिले में छुट्टा मवेशियों की समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। मौजूदा समय में खेत में गेहूं व सरसों की फसल लगी है। दोनों फसलों की बुआई हुई है। किसान अपने फसलों की सिंचाई में जुटे हैं। साथ ही छुट्टा मवेशियों से इन फसलों को बचाना भी किसानों के लिए परेशानी का सबब है। किसान रामबहादुर बताते हैं कि उन्होंने पांच बीघा गेहूं फसल की बुआई करीब 20 दिन पहले की है। फसल सिंचाई के लिए तैयार है। मवेशियों का झुंड खेतों के आस पास मंडराता रहता है। डर यह लगता है कि सुबह उठते ही फसल नष्ट होने की जानकारी न मिले। रात में कई बार उठकर खेत का जायजा लेना पड़ता है। वहीं कुछ किसानों ने खेतों में मचान भी बना रखा है। रात को घर के सदस्यों की बारी बारी ड्यूटी लगानी पड़ती है। वहीं कुछ लोगों ने अपने खेतों के चारों ओर कटीले तार भी लगाए हैं। इतना एहतियात बरतने के बाद भी जरा से चूक होने पर रघवापुर निवासी रामदेव के ढाई बीघा गेहूं की फसल शनिवार रात को छुट्टा मवेशी चर गए हैं। खेतों के चारों ओर लगे तार को भी मवेशियों का झुंड तबाह कर देता है। हरिहरगंज ललिया मार्ग पर नरायनपुर गांव व बलरामपुर बहराइच मार्ग के पीलीभीत गांव के पास निराश्रित मवेशियों का झुंड एकत्रित रहता है। इसके आस पास क्षेत्र के किसान इनके द्वारा किए जाने वाले नुकसान को लेकर काफी आशंकित रहते हैं। अड़ार पाकड़ निवासी रामतेज का कहना है कि छुट्टा मवेशियों की समस्या इतनी विकराल है कि लोग अब खेती से किनारा करने लगे हैं। छुट्टा मवेशियों की देखभाल व संरक्षण के लिए जिले में दो करोड़ से अधिक की धनराशि प्रत्येक माह खर्च की जाती है। बावजूद इसके निराश्रित मवेशियों से होने वाले नुकसान को कम नहीं किया जा सका है। जिम्मेदार पशु पालन विभाग की माने तो जिले में 112 गौशालाएं संचालित हैं। जिसमें छह बड़ी गौशाला बनी हैं। प्रत्येक गौशाला में तीन सौ से चार सौ तक मवेशी रखे जाते हैं। इसके अलावा नगर पालिका के माध्यम से 15 गौशाला संचालित है। साथ ही 91 अस्थाई गौशालाएं प्रशासन की ओर से विभिन्न ग्राम पंचायतों में निराश्रित मवेशियों के संरक्षण के लिए संचालित किए गए हैं। गौशालाओं में मवेशियों की देखरेख के लिए 30 पशु पर एक केयरटेकर की नियुक्ति की गई है। केयरटेकर को मनरेगा की मजदूरी प्रत्येक दिन 230 रुपए ब्लॉक के माध्यम से दी जाती है। साथ ही गौशाला संचालकों को मवेशियों के चार के लिए प्रति पशु 50 रुपए प्रतिदिन भुगतान किया जाता है। विभाग के मुताबिक जिले के गौशालाओं में कुल 12222 पशु संरक्षित हैं। इनके चारे के लिए प्रति पशु 50 रुपए प्रत्येक दिन के दर से कुल करीब छह लाख 11 हजार रुपए रोजाना खर्च होता है। इसी प्रकार करीब चार सौ केयरटेकर की तैनाती जिले भर के गौशालाओं में है। उन्हें मानदेय के रूप में करीब 94 हजार रुपए प्रतिदिन दिए जाते हैं। किसानों का कहना है कि इतना अधिक खर्च होने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। गौशालाओं में मवेशियों की मृत्यु होने पर उन्हें ठीक ढंग से निस्तारित करने का प्रविधान है। किसानों का कहना है कि बावजूद इसके मृत मवेशियों को बेतरतीब ढंग से कई गौशालाओं केकरीब ही सड़ने को छोड़ दिया जाता है। सड़ते पशुओं की दुर्गंध से लोग ठीक ढंग से खाना भी नहीं खा पाते हैं। ऐसी समस्या की शिकायत कुछ गौशालाओं के पास रहने वाले लोगों ने की है।

